हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 1 अक्टूबर 2025

06 कई जलाशय नहीं हो सके लबालब जलसंकट...

07 यूपी के श्रद्धालुओं के साथ हुई मारपीट...




खबर संक्षेप

### आपत्तिजनक मैसेज भेजने पर रसिया प्राचार्य निलंबित



**पिपरिया।** लंबे समय के बाद रसिया प्राचार्य हुए निलंबित पिपरिया विगत दिनों पीएमश्री विद्यालय हथवास के प्राचार्य सुरेश श्रीवास्तव ने अपने ही विद्यालय की शिक्षिका को ग़लत मैसेज वाट्सएप पर किया गया था, जिसकी शिकायत बीईओ पिपरिया से लेकर जिला कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना तक को शिक्षिका ने की थी। लेकिन राजनीतिक दबाव के कारण लंबे समय तक शिकायत पर कोई विचार नहीं किया गया था। लेकिन शिक्षिका ने हार नहीं मानी तो। कलेक्टर नर्मदापुरम के आदेश अनुसार मानवीय मूल्यों को बढ़ावा दिया गया है और जांच टीम का गठन किया गया। जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। एक सप्ताह तक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के बाद भी दबाने का प्रयास किया गया, लेकिन एक इमानदार आयुक्त केजी तिवारी ने तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए सुरेश श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ निकालेगा पथ संचलन

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कि प्रचार विभाग से प्राप्त जानकारी में बताया गया है कि मध्यभारत प्रान्त के नर्मदापुर विभाग कि रचनानुसार नर्मदापुरम जिले में 2 नगरों इटारसी तथा नर्मदापुरम कि 21 बस्तियां और 6 खंडों (केसला, डोलरिया, नर्मदापुर ग्रामीण, माखन नगर, सिवनी मालवा एवं शिवपुर) के अंतर्गत 65 मण्डलों में कार्य चलता है। संयुक्त रूप से जिला प्रचार प्रमुख मनोज राय और सह जिला कार्यवाह योगेश पवार ने बताया कि केंद्र कि योजना से जिले में इस वर्ष प्रत्येक मण्डल एवं बस्ती में 2 से 12 अक्टूबर के मध्य 250 संख्या के पथ संचलन के कार्यक्रम होंगे, हिन्दू समाज के प्रत्येक घर से स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में पथ संचलन सम्मलित होगें। पथ संचलन के लिए संघ के कार्यकर्त्ता घर-घर सम्पर्क कर रहें हैं।

## जो जितना अच्छा दिखेगा, वही सबसे ज्यादा बिकेगा: सिटी सेंटर में व्यापार के लिए अपार संभावनाएं, संकरी गलियों से परेशान ग्राहक की पहली पसंद बनेगा सिटी सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

व्यापार के संबंध में एक बहुत प्रचलित कहावत है कि ?जो दिखेगा वही बिकेगा।? लेकिन वर्तमान समय में व्यापार के वैश्वीकरण और आधुनिकीकरण से इस कहावत में बदलाव हुआ हैं कि जो जितना अच्छा दिखेगा उतना ज्यादा बिकेगा। ऑनलाइन कंपनियों की घर घर पहुंच से ग्राहक को घर से निकालकर बाजार लाना व्यापारियों के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है।

ऐसे दौर में इटारसी के व्यापार का भविष्य सुरक्षित करने, उनके व्यापार की डगमगाती नैय्या बचाने, सिटी सेंटर जल्द ही नागरिकों को समर्पित होने वाला है। पुराने बाजार की तंग, संकरी, मैली-कुचैली गलियां, अव्यस्थित पार्किंग, प्रोडक्ट की लौ विजिबिलिटी अब ग्राहकों की आंखों में चुभने लगी है।




इटारसी शहर के ग्राहक एवं उपभोक्ता अब एक नया, चमकदार, साफ सुथरा, व्यवस्थित पार्किंग, सकारात्मक ऊर्जा वाले माहौल में शॉपिंग करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। देर है तो सिर्फ आपके व्यापार को पारंपरिक बाजार से हटकर सिटी सेंटर में शिफ्ट करने की।

### क्यों जरूरी है सिटी सेंटर में आपकी दुकान का होना?

इटारसी के पारंपरिक बाजार की दुकानों पर देखते ही देखते पिछले कुछ सालों में ग्राहकों की संख्या में रिकॉर्ड गिरावट आई है। अगर त्योहारी बाजारों को छोड़ दे तो आम दिनों में बाजार से ग्राहक नाममात्र ही देखे जा सकते हैं। जिसका बड़ा कारण बाजार की भौगोलिक स्थिति है।

वर्तमान में ग्राहक पैसा खर्च करने को तैयार है लेकिन उसके एवज में उसे न सिर्फ अच्छी गुणवत्ता का माल चाहिए, बल्कि कॉम्प्लीमेंट्री के रूप में चौड़ी सड़के, पर्याप्त रोशनी, शानदार जगमगाती शोरूम नुमा दुकान, व्यवस्थित पार्किंग, सुविधाजनक आवागमन, दुकानों के पास में ही उच्च स्तर एवं गुणवत्ता के रेस्टोरेंट्स, बच्चों के मनोरंजन के साधन सहित कई अन्य आकर्षित करने वाली चीजें चाहिए। और ये सब इटारसी के पुराने, पारंपरिक बाजार में मिलना मुश्किल हो नहीं नामुमकिन है। लेकिन सिटी सेंटर में यह सब सुविधाएं ग्राहक चाहकर भी खुद को रोक नहीं पाएगा।

यहां पर व्यापार करने वाले व्यापारियों को पब्लिक रीच और पब्लिक विजिबिलिटी की उच्चतम व्यवस्था मिलेगी। जो आने वाले समय में पारंपरिक बाजार में मिलना कभी संभव ही नहीं है। इटारसी में अपने बच्चों और आने वाली पीढ़ियों के व्यापारिक भविष्य की चिंता आपको लगातार सता रही है तो एक निवेश सिटी सेंटर में करना न भूलें, क्योंकि समय निकलते समय नहीं लगता।

### शासकीय शिक्षकों ने राज्य अध्यापक संघ के लेटरहेड पर की लिखित शिकायत

## सामाजिक भवन निर्माण के लिए दबाव डालकर चंदा वसूली का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

परशुराम भवन के निर्माण में सामग्री देने के लिये शासकीय कर्मचारियों पर दबाव डालने का आरोप एक व्यक्ति पर लगा है। मामले में राज्य अध्यापक संघ एवं ब्लॉक के कुछ शासकीय शिक्षकों ने शिकायत की है। सोहागपुर एसडीएम के नाम की गई लिखित शिकायत अनुसार सोहागपुर में पदस्थ शासकीय शिक्षकों पर पत्रकार एस दुबे चंदा देने का दबाव बनाकर परशुराम भवन निर्माण के लिए लोहा एवं सीमेंट की मांग करते हैं। शिकायत अनुसार दुबे व्यक्तिगत रूप से एवं फोन कॉल करके शिक्षकों से दान की मांग करते हैं। मांग पूरी नहीं करने पर वे विद्यालय संचालन दौरान तस्वीरें लेकर अधिकारियों को भेजकर भ्रामक सूचना देते हैं।

परशुराम भवन के निर्माण में सामग्री देने के लिये दबाव डालने का आरोप एक व्यक्ति पर लगा है। जिसकी



#### ब्राह्मण समाज नाराज

मामले में सोहागपुर ब्राह्मण समाज चिंतित है। समाज के लोगों के अनुसार शिक्षकों के आरोपों की प्रशासन जांच करे। यदि परशुराम भवन के लिये गलत ढंग से चंदा लेने का आरोप सही सिद्ध होता है तो प्रशासन व भवन निर्माण समिति कार्यवाही करे और यदि नहीं तो शिकायत की जांच हो। लोगों के अनुसार ब्राह्मण समाज के भवन के लिए आमजनों द्वारा स्वेच्छिक दान ठीक है, लेकिन आरोप से ब्राह्मण समाज के प्रति क्षेत्र में गलत संदेश प्रसारित हो रहा है। ब्राह्मण समाज सोहागपुर ने भवन निर्माण समिति से प्रतिक्रिया की अपेक्षा भी की है। ब्राम्हण समाज ने कहा कि इस तरह किसी से दवाब डालकर दान वसूल किया जाना नियम विरूद्ध है। भवन का निर्माण समाज के लिए उपयोगी कार्य हेतु निर्माण कराया जा रहा है।

#### ग्रामीण अंचलों में भय व्याप्त

श्री दुबे ने शिकायत में लिखा है कि इससे शिक्षकों की छवि धूमिल हो रही है। आवेदन अनुसार शिक्षक भूरेलाल कहार से क्षेत्रीय विधायक के जन्मदिन पर दुबे ने रू 2500 की मांग की तो रू1500 कहार ने आनलाइन दिये। लेकिन कहार से दुबे द्वारा पुनः लोहा व सीमेंट की मांग पर उन्होंने स्वेच्छा से सामग्री देने की बात कही। तब दुबे ने 26 सितंबर 2025 को विद्यालय बंद होने की सूचना अधिकारी को दी, जबकि विद्यालय संचालित हो रहा था। मामले में कई शिक्षकों ने समस्या व्यक्त की है कि उन पर दबाव डालकर चंदा वसूली की जा रही है। उनकी मांग है कि इस तरह वसूली पर कार्रवाई की जाए। इस दौरान राज्य अध्यापक संघ जिलाध्यक्ष उमेश ठाकुर, भूरेलाल कहार, बलराम उईके, मुकेश रघुवंशी, अजय डोगरा, मुकेश साहू सहित अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## अवैध सागौन कटाई मामले में वन विभाग की कार्रवाई

#### दो लोगों की गिरफ्तारी, पिकअप वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

सामान्य वनमण्डल नर्मदापुरम के सीसीएफ अशोक कुमार एवं डीएफओ मयंक सिंह गुर्जर के निर्देशन तथा एसडीओ अनिल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में बानापुरा रेंजर ज्ञान सिंह पवार व उनकी टीम ने अवैध सागौन कटाई प्रकरण में बड़ी कार्रवाई की। टीम ने खंडवा से सागौन परिवहन कर रही एक पिकअप वाहन को जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसडीओ अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि पी.ओ.आर. क्रमांक 14229/24 दिनांक 14 सितंबर 2025 में दर्ज प्रकरण में उल्लेख था कि 13 एवं 14 सितंबर की रात बानापुरा सामान्य परिक्षेत्र के बीट पश्चिम नयागांव के कक्ष क्रमांक 128 से 11 सागौन के पेड़ अवैध रूप से काटे गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की गई एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए।

मुखबिर तंत्र से मिली सूचना के आधार पर बानापुरा एवं आंवलिया (वनमंडल खंडवा) की संयुक्त टीम ने ग्राम लखनपुर से आरोपियों को हिरासत में लिया। मौके से पिकअप वाहन (एमपी 09 डीके 5072) भी जब्त किया गया। पूछताछ में सामने आए तथ्यों के आधार पर एक अन्य व्यक्ति को भी पूछताछ हेतु बुलाया गया। वन विभाग ने बताया कि आरोपी सेवाराम मोरे/रामदेव एवं रमेश पिता कलीराम (एमपी 10 जी 3145) को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

## केंद्रीय हिंदी सलाहकार समिति में सदस्य मनोनीत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले के लिए गर्व की बात है कि राज्यसभा सांसद माया नारोलिया को केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति में सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार और सरकारी कार्यों में उसकी प्रभावी भूमिका को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

सांसद माया नारोलिया ने इस जिम्मेदारी को पाकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, ?मैं समिति में अपने दायित्व का पूरी निष्ठा से निर्वहन करुंगी और राजभाषा नीति के बेहतर अनुपालन, प्रचार-प्रसार तथा शासकीय कार्यों में हिंदी के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित करने में अपना शत-प्रतिशत योगदान दूंगी। सांसद नारोलिया ने प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन भूपेन्द्र यादव के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन पर विश्वास जताने के लिए वे दोनों नेताओं की हृदय से आभारी हैं। उनकी इस नियुक्ति पर समर्थकों, पार्टी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने बधाई दी है।

## बेटियों ने लाठियों से किया प्रदर्शन, युवा मंडल ने किया शक्ति शौर्य महारास का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम युवा मंडल ने सोमवार रात हरदा बायपास स्थित रैन ट्री रिसोर्ट में महिला सशक्तिकरण के लिए शक्ति शौर्य महारास का आयोजन किया। कार्यक्रम संयोजक मनीष परदेशी ने बताया कि शक्ति शौर्य महारास मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के महिला सशक्तिकरण अभियान की प्रेरणा से यह आयोजन किया गया।

इस अनूठे आयोजन में मातृ शक्तियों ने अपने हाथों में तलवार, ढाल और खप्पर थामकर मां शक्ति की आराधना की और शौर्य का प्रदर्शन किया। करीब 100 से अधिक



मातृ शक्तियां एक जैसी वेशभूषा में सर पर पगड़ी बांध व हाथों में तलवार थामकर पहुंची। इस दौरान मातृ शक्तियों ने शस्त्र पूजन किया। आकृति खंडेलवाल रानी लक्ष्मी बाई और मानसी चव्हाण भारत माता की वेशभूषा में पहुंची। पिछले 15 दिनों से विशाल सर द्वारा शौर्य का कड़ा प्रशिक्षण दिया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन के साथ हुई। वहीं बजरंग व्यायाम शाला ग्वालटोली की बेटियों ने तलवार और लाठी से प्रदर्शन किया। व्यायाम शाला की 20 से अधिक बेटियों ने अपने तलवार और लाठीयों से आत्मरक्षा का प्रदर्शन किया।

## विद्युत विभाग के उपमहाप्रबंधक की प्रताड़ना से परेशान हैं आऊटसोर्स के विद्युत कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल में पूर्व में पदस्थ रहे कार्यपालन यंत्री के पद पर उपमहाप्रबंधक दिनेश भदौरिया जो वर्तमान में पिपरिया विधानसभा क्षेत्र पदस्थ हैं। उनके द्वारा लगातार आउटसोर्स कर्मचारियों को आदेश दिया है कि बिल बढ़ाकर दिए जावे ऐसा नहीं करने पर आउटसोर्स कर्मचारियों को हटाया जा रहा है। तथा सारे नियमों को ताक में रखकर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है।

ऐसे मामलों को उर्जा मंत्री ने संज्ञान में लेते हुए उपमहाप्रबंधक से ज़बाब मांगा है। कार्यालय मंत्री उर्जा



विभाग ने पत्र1542के माध्यम से प्रबंध संचालक भोपाल को अवगत कराया गया है कि दीपक शर्मा मीटर रीडर आउटसोर्स कर्मचारी के पत्रके अनुसार ग्रामीण में कार्यरत को वगैर बिना सूचना दिए हटाया गया है। तथा आई डी बंद कर दी गई है।तो फिर से शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस तरह से अनेक आउटसोर्स कर्मचारियों को हटाया गया है। तथा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है।विगत दिनों उपमहाप्रबंधक के फर्जी हस्ताक्षर कर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के आरोप भी लगाए गए थे। जिसमें उपमहाप्रबंधक एवं कार्यपालन यंत्री के बीच हस्ताक्षर किए जाने को लेकर आरोप लगाया कि उनके नहीं है। फिर स्वीकार किया गया कि उनके ही हस्ताक्षर है। इस तरहसे अनेकानेक विषयों पर बिजली विभाग चर्चा का विषय बना हुआ है।

## माधव ज्योति अलंकरण समिति ने किया फलहारी प्रसाद वितरण




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर माधव ज्योति अलंकरण समारोह समिति के सदस्यों ने सलकनपुर रोड स्थित मां अन्नपूर्णा पेट्रोल पंप पर सलकनपुर जाने वाले देवी दर्शनार्थियों के लिए फलहारी प्रसादी का वितरण किया गया। माजसेवी मनोहर सिंह राजपूत के पेट्रोल पंप पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा ने कहा कि विकास के प्रति सुचेता के कारण ही माधवराव सिंधिया को आमजन राजनीति का राष्ट्रनायक मानती है। माधव ज्योति समिति के अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि सिंधिया युगदृष्टा राजनेता थे। वहीं जिला भाजपा उपाध्यक्ष लोकेश तिवारी ने कहा कि श्री सिंधिया के लिए राजनीति केवल जनसेवा का माध्यम मात्र थी। विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव ने कहा कि नर्मदांचल से सिंधिया परिवार का लगाव पुराना है। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र तोमर ने किया एवं आभार युमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य धर्मेंद्र राठौड़ ने व्यक्त किया।

#### कलाकार दे रहे अद्भुत प्रस्तुतियां

## 'लगे कुटिया भी महलों सी, मेरे घर राम आए हैं' श्रीराम लीला में शबरी प्रसंग का हुआ मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर रामलीला मंच भगवान श्रीराम की लीलाओं का प्रति रात्रि मंचन कर रही है। सोमवार रात श्रीराम तथा सुग्रीव मित्रता, बाली वध, लंका में हनुमान प्रवेश प्रसंगों की लीला प्रस्तुत की गई।

समिति से अध्यक्ष अनिल जैन तथा अखिलेश मालवीय ने बताया कि मंचन दौरान भगवान राम भ्राता लक्ष्मण के साथ माता जानकी की खोज में आगे बढ़े तो शबरी के आश्रम पहुंचे। जहां शबरी अपने गुरुदेव मतंग ऋषि के वचनानुसार भगवान की प्रतीक्षा कई वर्षों से करती चली आ रही थी। शबरी ने भगवान का आदर सत्कार कर कहा



कि मैं आपकी क्या सेवा कर सकती हूं। तब राम जी बोल जाति, कुल, धर्म, बड़ाई, धनबल, कुटुम्ब गुण और चतुरता के होने पर भी भक्ति रहित मनुष्य जलहीन बादल सा होता है। शबरी ने भगवान को पंपासर ऋष्यमूक पर्वत की ओर सुग्रीव के पास भेजा। इसके बाद हनुमान व राम मिलन, राम-सुग्रीव मित्रता, बाली वध तथा पंपासर का राज्य सुग्रीव को सौंपने की लीला की गई। तथा जानकी माता की खोज में वानर सेना को चहुंदिश भेजने की लीला भी की गई। श्री हनुमान के लंका पहुंचने के मंचन के साथ लीला संपन्न हुई।

### बिना हेलमेट चालकों पर सख्त कार्रवाई, हुए चालान

**नर्मदापुरम।** परिवहन विभाग नर्मदापुरम द्वारा हाईवे पर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती रिंकु शर्मा के नेतृत्व में प्रभारी संभागीय सुरक्षा स्क्वाड श्री हिमांशु जैन ने सघन जांच अभियान में 55 से अधिक वाहनों की जांच की। इस दौरान परमिट, परमिट एवं अन्य नियम उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान लगभग 10 वाहनों पर कुल 17,000 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई तथा एक वाहन को जब्त कर कार्यालय परिसर में खड़ा किया गया। इसके अतिरिक्त, बिना हेलमेट चल रहे 40 से अधिक दोपहिया वाहन चालकों के चालान काटे गए और उन्हें भविष्य में बिना हेलमेट वाहन न चलाने की समझाइश भी दी गई। परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह से ही लगातार बिना हेलमेट चलने वालों पर कार्यवाही की जा रही है।

## कांग्रेस कमेटी ने छावनी अधिशासी अधिकारी का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पचमढ़ी छावनी परिषद क्षेत्र में विगत 23 वर्षों से निर्माण कार्य पर लगे प्रतिबंध के मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा लगाये गए प्रतिबंध को हटाने के लिए सार्थक और निर्णायक प्रयास करने एवं छावनी क्षेत्र से प्रतिबंध हटवाने में महती भूमिका निभाने वाले छावनी अधिशासी अधिकारी राहुल गजभिये का नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा हार और पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मान किया एवं एक सम्मान पत्र भी भेंट किया गया जिसमें सभी नगर वासियों एवं कांग्रेस पार्टी की ओर से उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। ज्ञात रहे कि अभी कुछ दिन पूर्व ही उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश द्वारा पचमढ़ी में निर्माण कार्यों पर लगे सारे प्रतिबंध हटा लिये गये हैं जिससे विगत 23 वर्षो से परेशान पचमढ़ी के नागरिकों को राहत मिली है।

## किसानों की बढ़ जाएगी चिंताएं: जिले में औसत से 4 इंच बारिश कम, रबी फसल पर पड़ेगा असर

# कई जलाशय नहीं हो सके लबालब

# जलसंकट का करना पड़ सकता है सामना

संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

**मानसून अब विदाई की कगार पर है। प्राय: 30 सितंबर के बाद वर्षाकाल समाप्त माना जाता है, लेकिन जिले में अब तक औसत बारिश का आंकड़ा पूरा नहीं हो सका है। जिले की सामान्य औसत बारिश 1084 मिमी है, जबकि इस वर्ष अब तक 984 मिमी यानि 39.4 इंच वर्षा दर्ज की गई है। अभी भी जिले में औसत बारिश का आंकड़ा पूरा करने के लिए लगभग 100 मिमी बारिश की दरकार है। जबकि गत वर्ष औसत बारिश का आंकड़ा 1246 मिमी. था।**

इस प्रकार यदि इस वर्ष औसत बारिश का आंकड़ा पूरा नहीं होता है, तो बारिश की यह कमी न केवल फसलों पर, बल्कि जलाशयों और आने वाले रबी सीजन की सिंचाई व्यवस्था पर भी गहरा प्रभाव डालेगी। कम वर्षा का सबसे बड़ा असर जलाशयों के जलभराव पर दिखाई दे रहा है। जिले में कुल दो सिंचाई डिवीजन बैतूल और मुलताई हैं।



**बैतूल डिवीजन के जलाशयों की स्थिति**

| भराव की स्थिति प्रति. में | मध्यम | लघु | योग |
|---|---|---|---|
| 0 से 25 प्रतिशत | 0 | 2 | 2 |
| 26 से 50 प्रतिशत | 0 | 9 | 9 |
| 51 से 75 प्रतिशत | 0 | 12 | 12 |
| 76 से 99 प्रतिशत | 1 | 10 | 11 |
| 100 प्रतिशत | 1 | 69 | 70 |
| योग | 2 | 102 | 104 |

जिसमें बैतूल डिविजन के अंतर्गत आने वाले कुल 104 जलाशयों में से, मध्यम श्रेणी के दो जलाशय सांपना और घोघरी हैं, जिसमें से सांपना पूरी तरह भर चुका है वहीं घोघरी 84 प्रतिशत भरा है और 102 लघु जलाशयों में से 69 पूरी तरह भर सके हैं। वहीं 75 प्रतिशत से ज्यादा भर चुके जलाशय 10, 51 से 75 प्रतिशत तक 12 और 50 प्रतिशत से कम भरे वाले जलाशय 11 हैं। यह स्थिति बताती है कि जिले के कई हिस्सों में

### पानी का संकट रबी सीजन में गहराने वाला है

रबी सीजन में किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए नवंबर से पानी उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए सभी किसानों को समान रूप से पानी मिलना बड़ा मुश्किल प्रतीत हो रहा है। वैसे जल संसाधन विभाग बैतूल के कार्यपालन यंत्री रोशन कुमार सिंह ने स्पष्ट किया है कि पानी के बंटवारे को लेकर अंतिम निर्णय जिला जल उपयोगिता समिति की आगामी दिनों में होने वाली बैठक में लिया जाएगा। यह बैठक अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में प्रस्तावित है। विभाग फिलहाल सभी जलाशयों की स्थिति का डेटा एकत्र कर रहा है। अधिकारियों का मानना है कि सीमित जल संसाधनों का संतुलित बंटवारा ही इस बार सबसे बड़ी चुनौती होगी।

### रबी में समान रूप से पानी मिलना असंभव

विभागीय सूत्रों के अनुसार जिन 69 जलाशयों में शत-प्रतिशत जलभराव हुआ है, वहां किसानों को एक पलेवा और दो पानी सिंचाई के लिए दिया जाएगा। और जिनमें 50 से 75 प्रतिशत तक ही पानी है, वहां किसानों को एक पलेवा और एक पानी ही मिल पाएगा। इसी प्रकार जहां 50 प्रतिशत से कम पानी है वहां रबी सीजन में सिंचाई के लिए पानी मिलना मुश्किल प्रतीत हो रहा है क्योंकि पशुओं और अन्य जरूरतों के लिए भी पानी सुरक्षित रखना होता है।

### बैठक में लिया जाएगा फैसला

जिन जलाशयों में 30 प्रतिशत से कम पानी है, वहां सिंचाई के लिए पानी देने का निर्णय आगामी दिनों में जल उपभोक्ता संस्था (डब्ल्यू.यू.ए.) की बैठक में लिया जाएगा। जिसमें नहर को कब चालू करने का निर्णय तथा कितना पानी स्टोर करना है और कितना पानी देना है, यह निर्णय किया जाएगा। ट्रिपल-आर योजना अंतर्गत जिले में 52 करोड़ रुपए का प्रपोजल बनाया गया है, जिसमें बैतूल डिवीजन की नहरों के शुद्धिकरण एवं मरम्मत के लिए 38 करोड़ रुपए का प्रपोजल राज्य शासन को भेजा गया है।

**रोशन कुमार सिंह,**
कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग बैतूल

## पारसडोह, चंदोरा, बुंडाला बांध हुए क्षमता के पार, वर्धा में 71.12 प्रतिशत

# फुल टैंक हुई मुलताई क्षेत्र की 90 प्रतिशत सिंचाई परियोजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

मुलताई सिंचाई डिवीजन बैतूल जिले का प्रमुख सिंचाई डिवीजन है जिसके अंतर्गत मुलताई, प्रभात पट्टन, आमला, आठनेर चार सब डिवीजन आते हैं। जिनके माध्यम से 4 मध्यम सिंचाई परियोजना एवं 88 लघु सिंचाई परियोजनाओं का क्रियान्वयन होता है। इसमें कुल सिंचाई परियोजनाओं की संख्या 92 है।

इस वर्ष वर्षाकाल के लंबे अंतराल के बावजूद सिंचाई परियोजनाओं में जल आवक बहुत ही कम हुई थी, जिसने सिंचाई अधिकारियों और किसानों की चिंताएं बढ़ा दी थी किंतु अब, जब वर्षाकाल समाप्ति की ओर है, क्षेत्र की 90 प्रतिशत सिंचाई परियोजनाएं अपनी क्षमताएं को



पार कर चुकी है। मध्यम सिंचाई परियोजनाओं में वर्धा को छोड़ दिया जाए, तो पारसडोह बांध 99.09 प्रतिशत भर गया है। पारसडोह बांध का फुल टैंक लेवल 639.10 एमसीएम है, जो कि वर्तमान में 639.04 एमसीएम पर मेंटेन किया जा रहा है। चंदोरा बांध का फुल टैंक लेवल 685.950 एमसीएम है, जो वर्तमान में 685.92 एमसीएम अर्थात 99.09 प्रतिशत भर गया है। मुलताई क्षेत्र की बुंडाला बांध परियोजना चौथी बड़ी परियोजनाओं में से एक है, जिसका फुल टैंक लेवल 734. 55 एमसीएम है, जो वर्तमान में बांध का फुल टैंक लेवल 100 प्रतिशत तक पहुंच गया है और वेस्ट वेयर बह रहा है। इसके अलावा वर्धा की बात करें, तो यह दूसरी मध्यम सिंचाई परियोजना की तुलना में यहां जल आवक कम है। वर्धा का फुल टैंक लेवल 675.400 एमसीएम है, जो वर्तमान समय में टैंक का लेवल 671.60 एमसीएम बताया जा रहा है जो की फुल टैंक की तुलना में 71.12 प्रतिशत है। इसी प्रकार निरगुड का फुल टैंक लेवल 600.50 एमसीएम है जबकि वर्तमान में 573.20 ही भर पाया है जो कि टैंक क्षमता की तुलना में 58.4 2 प्रतिशत होता है। इसके अलावा आधा दर्जन लघु सिंचाई परियोजनाएं चौथिया, कपासिया, खड़ाआमला, पिपरिया, छिंदखेड़ा और सांईखेड़ा, सोंडिया मे दूसरी लघु सिंचाई परियोजना की तुलना में जल आवक कम हुई है किंतु यहां भी 58 से 80 प्रतिशत जल आवक हो चुकी है। इसके अलावा लगभग 88 लघु सिंचाई परियोजनाओं में से 80 लघु सिंचाई परियोजनाएं फुल टैंक होकर वेस्ट वेयर बह रहे है।

### पर्याप्त जल आवक हो गई है

मुलताई सिंचाई डिवीजन में चंद सिंचाई परियोजनाओं को छोड़ दिया जाए, तो क्षेत्र की सभी 92 मध्यम एवं लघु सिंचाई परियोजनाओं में पर्याप्त जल आवक हो गई है। हमारा प्रयास यह है कि इसका अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिल सके। ट्रिपल-आर योजना के अंतर्गत क्षेत्र की 12 नहरो के प्रपोजल भी राज्य शासन को भेजे गए हैं।


**सीएल मरकाम,**
कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग मुलताई

## सरदार विष्णु सिंह की प्रतिमा का अनावरण

# 'विष्णु सिंह का जीवन संघर्ष और बलिदान की अमर गाथा है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

शासकीय महाविद्यालय सारनी में वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार विष्णु सिंह उइके की प्रतिमा के अनावरण समारोह को सम्बोधित करते हुए बैतूल विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डलवाल ने कहा कि हमारे क्षेत्र के महान सपूत एवं आजादी के अमर योद्धा सरदार विष्णु सिंह की प्रतिमा का अनावरण हम सभी के लिये गौरव की बात है। देश का हर क्रांतिकारी हमे प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि विष्णु सिंह की गौरव गाथा बहुत पहले ही इतिहास के अभिलेखों में दर्ज हो जाना चाहिए था।



श्री खण्डलवाल ने कहा कि गांधीवादी नेताओं से मतभेद के वावजूद भी विष्णु सिंह जी ने अपनी धारा नही बदली। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के नेतृत्व में फॉरवर्ड ब्लॉक से जुडक़र इस आदिवासी अंचल में आजादी की अलख को जगाए रखा। उन्होंने कहा कि हमारी विचारधारा अलग अलग हो सकती है, लेकिन बात जब देश की हो या देश के महापुरुषों की हो तो हमारी भावना एक होनी चाहिए। युवाओं का आचरण ऐसा हो कि भगत सिंह,आजाद,सुभाष चन्द्र बोस और वीर विष्णु सिंह की तरह देश आप पर गर्व कर सके। अनावरण समारोह को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि आज हम एक ऐसे महान सपूत की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में उपस्थित हैं जो हमारे जनजातीय समाज के गौरव थे। उन्होने कहा कि सरदार विष्णु सिंह का पूरा जीवन संघर्ष और बलिदान की अमर गाथा है। उनकी यह प्रतिमा सिर्फ पत्थर और धातु की आकृति नही बल्कि आत्मा में ज्योति जगाने वाला प्रेरणापुंज है। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहा कि हमारा यह क्षेत्र वीर क्रांतिकारियों की धरती है। देश की आजादी में सरदार विष्णु सिंह जैसे वीर सेनानियों के योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता। समारोह की अध्यक्षता कर रहे क्षेत्रीय विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे ने कहा कि आज भारत माता के सच्चे सपूत की प्रतिमा का अनावरण है। केंद्र और राज्य की सरकार जनजातीय क्रांतिकारियों की गौरव गाथा और संस्कृति के संरक्षण के लिये लगातार कार्य कर रही है। सरदार विष्णु सिंह जी की यह प्रतिमा आज आने वाली पीढ़ी को उनके बलिदानों की याद दिलाती रहेगी। समारोह का शुभारंभ सभी अतिथियों ने भारत माता, सरदार विष्णु सिंह उइके के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वल्लन और नौ कन्याओं के पूजन के साथ किया। घोडाडोंगरी विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने गोंडी भाषा मे सम्बोधित किया। केंद्रीय राज्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष विधायक सहित सभी अतिथियों ने सरदार विष्णु सिंह एवं क्षेत्र के अन्य स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शाल और श्रीफल से सम्मानित किया। जन भागीदारी समिति अध्यक्ष एवं प्राचार्य प्रदीप पन्द्राम ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में सरदार विष्णु सिंह का चित्र भेंट किया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने महाविद्यालय के बाउंड्री वाल निर्माण एवं सरदार विष्णु सिंह के गांव महेन्द्रबाडी तक पक्की सडक़ निर्माण की घोषणा की एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल ने सरदार विष्णु सिंह की प्रतिमा स्थल को और भव्य रूप देने की घोषणा की।

**मां सहित परिजन घायल एक घंटे फंसा रहा था शिशु**

# जननी एम्बुलेंस पलटने से नवजात की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बोरदेही थाना क्षेत्र में मंगलवार अलसुबह एक जननी 108 एम्बुलेंस पलटने की घटना में नवजात शिशु की मौत हो गई। हादसे में नवजात की मां और अन्य परिजन घायल हुए हैं। दुर्घटना दीपामंडई रेलवे गेट के पास हुई, जहां तेज रफ्तार एम्बुलेंस नाली में गिरकर पलट गई। नवजात शिशु करीब एक घंटे तक पलटे वाहन में फंसा रहा। जानकारी के अनुसार, दीपामंडई निवासी दिलीप इवनाती की पत्नी कलस्या बाई ने घर पर डिलीवरी की थी। जच्चा-बच्चा और परिजन को बोरदेही अस्पताल ले जाने के लिए जननी 108 एम्बुलेंस को बुलाया गया। वाहन में कलस्या बाई, नवजात शिशु, उनकी मां और सास सवार थे। सुबह करीब पांच बजे एम्बुलेंस रेलवे गेट के पास हादसे का शिकार हो गई। अंधेरे के कारण नवजात बच्चे का पता एक घंटे तक नहीं चल सका।

बाद में जब बच्चा मिला, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घायलों को बोरदेही अस्पताल पहुंचाकर प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें सिविल अस्पताल आमला रेफर कर दिया गया। मृत नवजात के पिता दिलीप ने बताया कि एम्बुलेंस बहुत तेज रफ्तार में थी। घाट में ड्राइवर वाहन को संभाल नहीं सका। हादसे के समय वे बाइक



से एम्बुलेंस के पीछे चल रहे थे। जैसे ही वाहन पलटा, उन्होंने अपनी पत्नी और मां को बाहर निकाल लिया, लेकिन बच्चा सीट से उछलकर अंदर दब गया और एक घंटे तक ढूंढते रहने के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। एम्बुलेंस के पायलट ओंकार ने बताया कि एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ब्रेक लगाने पर वाहन स्लिप होकर सडक़ से उतर गया और पलट गया। आमला बीएमओ डॉ. अशोक नरवरे ने बताया कि एम्बुलेंस ड्राइवर ने बताया कि जब वह घर पहुंचा था तो बच्चा मृत ही था। पायलट ने उन्हें कहा कि अस्पताल लेकर चलते हैं। वहां पता चल जाएगा कि वह कैसा है। जबकि पति और परिजनों ने बच्चे को जीवित बताया। इसलिए नवजात का पीएम करवाया जा रहा है। जिससे पता चल सके कि वह दुर्घटना के समय जीवित था या नहीं।

## वेतन अनियमितता से परेशान नगरपालिका के कर्मचारी

# किसी ने गहने गिरवी रखा, तो किसी ने ब्याज से उठाया पैसा

### *अब इधर बिजली कंपनी की धमकी-अदा नहीं किया बिल तो नपा की काटेगी बिजली*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

शहर के वार्डों में निर्माण कार्य ठप्प है, जनहितैषी कोई कार्य हो नहीं रहे हैं, कर्मचारियों के वेतन के लाले हैं, बिल नहीं भरने पर बिजली कंपनी नपा की बिजली काटने की धमकी दे रही है, यानी पूरी नगर पालिका में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। बीते कुछ बरसों में जिस तरह से परिषद की निष्क्रियता से पूरा शहर कई वर्ष पीछे चला जा रहा है, उससे अब शहर के जानकारों के माथे पर बल पड़ने लग गए हैं, और लोग अब सवाल कर रहे हैं कि जब ना तो कर्मचारियों के वेतन हो पा रहे हैं, और ना ही कोई विकास कार्य तो आखिर परिषद में चल क्या रहा है। यहां शहर में इन दोनों सिर्फ यही चर्चा है कि वर्तमान परिषद की निष्क्रियता से कहीं शहर मुश्किल हालातो से जूझता हुआ गर्त में तो नहीं चला जाएगा। नपा को लेकर उपरोक्त चर्चाएं और जानकारों की चिंताएं यूं ही बेवजह नहीं है। दरअसल बीते लंबे समय से नगर पालिका के कर्मचारी अनियमित वेतन प्रणाली के जाल में ऐसी उलझी है कि कर्मचारियों को अपना घर चलाने के लिए गहने तक गिरवी भी रखना पड़ रहा है। इन दिनों त्योहारों का मौसम है तो ऐसे में कई छोटे कर्मचारी ऐसे भी हैं जो ब्याज से पैसा लेकर अपना घर चलाने को मजबूर हो रहे हैं, जैसा कि हमें कर्मचारियों ने बताया है, कि बीते लंबे समय से कभी 2 महीने तो कभी 3 महीने तक सैलरी नहीं हो पा रही है, और अगर सैलरी होती भी




है तो वह आधी अधूरी सैलरी ही कर्मचारियों को दी जा रही है, ऐसे में कई कर्मचारी कर्ज के बोझ तले दबे जा रहे हैं, तो कई कर्मचारी मानसिक दबाव भी झेल रहे हैं, इससे नपा के काम का भी प्रभावित होने लगे हैं।

### वेतन की मांग 50 लाख मिल रहा 32 लाख

जानकारी के मुताबिक आमला नपा में लगभग दो सौ कर्मचारियों के कुल वेतन के लिए प्रतिमाह 50 लाख रुपए की आवश्यकता होती है, किंतु शासन द्वारा चुंगी क्षतिपूर्ति के माध्यम से आमला नगर पालिका को प्रतिमाह 32 लाख रुपए की प्राप्ति होती है, जिससे प्रतिमाह 17 से 18 लाख रुपए के लिए नगर पालिका को मुश्किलें हो रही है, ऐसे में साल दर साल बिगड़ती व्यवस्था पूरी नपा की आर्थिक व्यवस्था को बदहाल कर रही है, और शहर में विकास के तमाम कार्य भी ठप्प होते जा रहे हैं। इधर नपा कर्मचारियों ने यह भी कहा है कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि नपा में कर्मचारियों के वेतन संबंधी मामले इतने बिगड़ चुके हैं, इसके पूर्व में कम से कम कर्मचारियों के वेतन के लाले तो नहीं पड़े थे।

### अब बिजली कंपनी की धमकी नपा की कटेगी बिजली

इधर जैसा कि अभी तक बीते कई महीनो से नगर पालिका दावा कर रही थी कि बीते लगभग 25 वर्षों से स्थानीय बिजली कंपनी संपत्ति कर नपा को अदा नहीं कर रही है जो बढक़र अब 15 लाख रुपए हो चुका है, हालांकि बिजली कंपनी ने इसे स्वीकार तो किया है और कहा है कि पूरे मामले को जल्दी ही निपटा दिया जाएगा। किंतु सोमवार को बिजली कंपनी के कनिष्ठ यंत्री विलास उईके ने इस मौके पर बताया है कि नपा अपने सभी विद्युत संयोजन का प्रतिमाह जो लगभग 12 लाख रुपए होता है, उसे पूरा जमा नहीं कर रही है, ऐसे में आज या कल नपा के सभी विद्युत संयोजन की आपूर्ति रोकी जा सकती है। अगर ऐसा हुआ तो शहर के सभी स्ट्रीट लाइट के साथ-साथ पूरे शहर की पेयजल आपूर्ति भी ठप्प पड़ सकती है।

### भाजपा कांग्रेस के बीच पिस तो नहीं जाएगा शहर

शहर की बदहाल होती तस्वीर और बिगड़ती तकदीर को लेकर लोग खासे चिंतित है,लोगों की चिंता अब ये भी है कि देश-प्रदेश में भाजपा की सरकार और आमला नपा में कांग्रेस की सत्ता के बीच बेहतर तालमेल की कमी और जिद शहर को बर्बादी के मुहाने तक तो नहीं पहुंचा देगी। बहरहाल जो भी हो किंतु इन हालातो में शहर के नब्बू साहू, कोमल राठौर, परवेज खान, मोहम्मद शफी, गजेंद्र पवार, परसराम लिखितकर, राजेश,सुनील पुंडे,सहित कई लोगों ने शहर के वर्तमान हालातो पर अपनी चिंता प्रकट की है।

### पत्र लिखा जा रहा है

बिजली कंपनी जो खुद नपा की 15 लाख की कर्जदार है, किस तरह से नपा की बिजली काट सकती है और नपा का बिजली बिल चुंगी राशि से स्वत: ही शासन के द्वारा काट लिया जाता है। नगर पालिका के कर्मचारियों के वेतन के लिए हमारे द्वारा बार-बार शासन को पत्र लिखा जा रहा है।

**- नितिन बिंजवे,**
नगर पालिका अधिकारी आमला

खबर संक्षेप

## विजयादशमी पर संचलन में 100 से अधिक वाहिनियां रहेंगी मौजूद

**देवास**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा देवास नगर में श्री विजयादशमी उत्सव पर प्रतिवर्ष निकाला जाने वाला पारंपरिक पथ संचलन इस वर्ष 2 अक्टूबर, गुरुवार को दशहरा मैदान पुलिस लाइन से निकाला जाएगा। इस विजयादशमी उत्सव में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध शल्य चिकित्सक डॉ गिरीश मालवीय एवं मुख्य वक्ता मध्य क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक स्वप्निल कुलकर्णी रहेंगे। इस वर्ष संघ स्थापना के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं, संघ के शताब्दी वर्ष के आयोजन इस विजयादशमी उत्सव से प्रारंभ होंगे। देवास नगर के इस पथ संचलन का स्वरूप इस वर्ष विराट रहने वाला है, विगत कुछ वर्षों से देवास नगर में संचलन बस्तीशः निकाले जाते रहे है, इस वर्ष पूरे देवास नगर का एक ही संचलन निकलेगा, जिसमें सभी 32 बस्तियों के हजारों स्वयंसेवक सम्मिलित होंगे। ध्वज वाहिनी, घोष वाहिनीयों सहित सौ से अधिक वाहिनियो में हजारों स्वयंसेवकों का यह संचलन चार किलोमीटर से अधिक लंबा रहने वाला है जो नगर के प्रमुख मार्गों को तय करेगा। संचलन पुलिस लाइन दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर वर्तमान मीना बाजार के पास से राधागंज के बी.एन.पी.रोड से राम-कृष्ण चौराहा होते हुए भोपाल चौराहा,नाहर दरवाजा,नयापुरा,जनता बैंक,सुभाष चौक,नावेल्टी चौराहा, तहसील चौराहा,नगर निगम कार्यालय, लाल गेट से स्टेशन रोड की ओर मुडक़र गजरा गियर चौराहा,गायत्री मंदिर से पुनः पुलिस लाइन दशहरा मैदान पहुंचेगा। शताब्दी वर्ष पर निकलने वाला यह संचलन पंच परिवर्तन के विषयों सामाजिक समरसता,कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण,नागरिक कर्तव्य एवं स्व के भाव के जागरण पर केंद्रित रहेगा।

### माता टेकरी पर जाने अवैध पार्किंग वसूली को लेकर विवाद, पांच लोगों पर केस

# यूपी के श्रद्धालुओं के साथ हुई मारपीट पुलिस ने शिकायत पर की कार्रवाई

प्रशासन ने सख्त कार्रवाई कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर की, वही निगम अमले ने अवैध दुकानों को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के प्रसिद्ध माता टेकरी मंदिर के दर्शन के लिए आए उत्तर प्रदेश के श्रद्धालुओं के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला मंगलवार को सामने आया। घटना स्टेशन रोड क्षेत्र में हुई, जहां अवैध पार्किंग और प्रसादी के नाम पर पैसे मांगने को लेकर विवाद हुआ। श्रद्धालुओं के साथ हुई मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है। पीड़ितों ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### श्रद्धालुओं की शिकायत पर एफआईआर

उत्तरप्रदेश के औरैया जिले से आए ज्योतिरादित्य त्रिपाठी ने बताया कि वे 30 सितंबर को दोपहर करीब 2 बजे अपने परिवार के साथ माता टेकरी दर्शन करने आए थे। स्टेशन रोड पर अचानक एक युवक उनकी कार के सामने आ गया, जिससे उसे मामूली खरोंच आई। इसके बाद वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और उनके परिवार से अभद्र व्यवहार किया। त्रिपाठी ने कहा कि उन्होंने लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन भीड़ ने उन पर हमला कर दिया। इसी दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें बचाया। इसके बाद वे सीधे कोतवाली थाने पहुंचे और शिकायत दी।

### अवैध पार्किंग और वसूली

एक अन्य श्रद्धालु बृजेश दुबे ने बताया कि टेकरी गेट पर एक महिला ने उन्हें वाहन पार्क करने के लिए कहा। उन्होंने वहां पार्किंग की और पैसे देकर प्रसादी ली। दर्शन के बाद लौटते समय स्थानीय लोगों ने उनसे दुर्व्यवहार किया और धक्कामुक्की की। दुबे ने कहा कि टेकरी क्षेत्र में अवैध वसूली हो रही है, जिस पर प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। श्रद्धालु शशांक ने भी शिकायत में कहा कि उनसे पार्किंग के नाम पर 100 रुपए और प्रसादी के लिए अलग से पैसे मांगे गए। उन्होंने इस व्यवहार को देवास की छवि के लिए शर्मनाक बताया।





### पुलिस ने पांच लोगों पर की कार्रवाई

कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा ने बताया कि स्टेशन रोड स्थित इंडियन बैंक के सामने अवैध पार्किंग और प्रसादी के नाम पर हुए विवाद में यूपी से आए श्रद्धालुओं से कुछ लोगों ने मारपीट की। मामले की जांच में पाया गया कि श्रद्धालुओं की कोई गलती नहीं थी। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के संबंध में दो महिलाओं सहित पांच लोगों पर शांतिभंग की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए अन्य संदिग्धों की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### निगम अमले ने हटाई अवैध दुकानें

एफआईआर के बाद मंगलवार शाम को घटनास्थल पहुंचा और अवैध दुकानों को हटाने की कार्रवाई की। निगम अमले ने अस्थाई रूप से बनी चार से पांच दुकानों को हटाया। निगम अमला प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि विवाद के बाद कार्रवाई कर तीन से चार दुकानें हटाई गई है।

# सिरोल्या की तलाई में डूबे युवक का शव मिला

### नहाने के दौरान हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के बरोठा थाना क्षेत्र में सिरोल्या और धामंदा मार्ग पर स्थित एक तलाई में सोमवार शाम एक युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक अपने दोस्त के साथ नहाने गया था, तभी यह हादसा हुआ।जानकारी अनुसार, सोमवार शाम करीब 6 बजे दो दोस्त तलाई में नहाने गए थे। इसी दौरान एक युवक गहरे पानी में चला गया और संतुलन बिगड़ने से डूब गया। उसके दोस्त ने आसपास के ग्रामीणों को घटना की सूचना दी, जिसके बाद ग्रामीणों ने डायल 112 को सूचित किया। देर शाम घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।मृतक की पहचान मल्हार कॉलोनी, आड़ी पट्टी निवासी 24 वर्षीय बबलू पिता मोहन कल्याणे के रूप में हुई है। बबलू के डूबने के बाद रात भर शव को खोजने के लिए सर्च अभियान चलाया गया। रात होने पर सर्चिंग रोक दी गई। मंगलवार सुबह सर्चिंग शुरू हुई तो शव बरामद हुआ। शव कोपोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है।परिजनों ने बताया कि बबलू के साथ उसका एक दोस्त भी था, जो उसी के पड़ोस में रहता है, लेकिन घटना के बाद से वह फरार है। मृतक बबलू मजदूरी का काम करता था। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि मृतक और उसका दोस्त किस काम से शहर से गांव गए थे और दोस्त क्यों फरार हुआ है।

### बच्चों ने नरसिंह अवतार की झांकी प्रस्तुत की




**चापडा**। नगर के बाजार पट्टी मां अंबिका चौक मंदिर पर नगरवासियों के सहयोग से नवरात्रि पर्व उत्सव मनाया जा रहा है। जहां पर प्रतिदिन बालिकाओं द्वारा गरबा किया जा रहा है। साथ ही नगर के स्कूलों के बच्चों द्वारा प्रस्तुतियां दी जा रही है। सोमवार शाम को नगर के प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें मां काली एवं भगवान नरसिंह अवतार की झांकी प्रस्तुत की गई। बच्चों की प्रस्तुतियों को देख हर कोई उत्साहित नजर आया। बड़ी संख्या में नगरवासी इस कार्यक्रम को देखने पहुंचे। इसी दौरान अरिहंत पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा संत प्रेमानंद महाराज की झांकी प्रस्तुत की गई। इस दौरान समिति की ओर से स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं का स्वागत किया गया। साथ ही मां अंबिका की आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। नवदुर्गा युवा उत्सव समिति के तत्वावधान विगत कई वर्षों से यहां पर नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है।

# नेता की गुंडागर्दी: मामूली विवाद में कर डाली हवाई फायरिंग, आठ लोगों पर मामला हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर के थाना क्षेत्र के गांव महुड़ी में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गई जब गाड़ी निकालने के मामूली विवाद में भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री व परिवार वालों ने एक के बाद एक ताबड़तोड़ कई हवाई फायर कर दिए। फायरिंग वाहन निकालने की मामूली बात पर हुई कहासुनी के मामले में की गई। हालांकि गनीमत रही कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई।

पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद 8 आरोपियों पर केस दर्ज करके जांच शुरू की है। भौरासा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी विजय सिंह धाकड़ ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि सोमवार रात को दशरथ सिंह धाकड़ के बेटे पृथ्वीराज ने गाड़ी निकालने की बात को लेकर गाली गलौज की थी। विवाद ज्यादा ना बढ़े इसको लेकर मंगलवार को हम लोग चर्चा करने के लिए मंदिर पृथ्वीराज के पिता दशरथ सिंह से मिलने पहुंचे। उस दौरान वह पूजा कर रहे थे इसी दौरान उसके भाई लाखन व सूरज आए तो हमने उनसे कहा कि विवाद ना बढ़े इसलिए बैठकर चर्चा कर लेते हैं।इसी दौरान राजवीर और पृथ्वीराज आ गए इनमें से एक ने अपने हाथ में पिस्टल ले रखी थी



व दूसरे के हाथ में कट्टे जैसा हथियार था। गाली गलौज करते हुए दोनों ने हवाई फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान लकी नाम का आरोपित 12 बोर की बंदूक लेकर आ गया और दशरथ सिंह उसे लेकर घूमते फिरते हुए गाली-गलौज करने लगा। बाद में दशरथ ने अपने बेटे राजवीर से पिस्टल लेकर हवाई फायर किए। मामले में



पुलिस ने आरोपी दशरथ सिंह धाकड़, उसके भाई लाखन व सूरज सिंह धाकड़, दशरथ के बेटे राजवीर, पृथ्वीराज धाकड़ युवराज धाकड़ सहित परिवार के ही लक्की धाकड़ और रवि धाकड़ पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। टीआई प्रीति कटारे ने बताया आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**पोरवाल महिला मंडल करेगी पथ संचलन का स्वागत:** देवास। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा देवास नगर में विजयादशमी उत्सव पर निकलने वाले पारंपरिक पथ संचलन का पोरवाल महिला मण्डल की मातृशक्तियों द्वारा स्वागत किया जाएगा। मण्डल की दुर्गा पोरवाल ने बताया कि 2 अक्टूबर, गुरुवार को दशहरा मैदान पुलिस लाइन से निकलने वाले भव्य एवं दिव्य चल समारोह का गजरा गियर्स चौराहे पर मंच लगाकर पुष्पवर्षा से स्वागत किया।

# स्कूल में नवरात्र महोत्सव के साथ हुआ कन्या पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



किड्ज पैलेस स्कूल, चापड़ा में नवरात्र महोत्सव बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई चुनरी यात्रा से हुई, जिसमें माता रानी को चुनरी अर्पित की गई। इस अवसर पर नौ बालिकाओं ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का सजीव रूप धारण किया। इन कन्याओं का पूजन ग्राम सरपंच नाथू सिंह सेंधव द्वारा विधिवत रूप से किया गया। उन्होंने कन्याओं को तिलक कर, चरण धोकर और भोग अर्पित करते हुए नारी शक्ति के सम्मान का संदेश दिया।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय संचालक के राहुल सेंधव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को नवरात्रि के धार्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह पर्व आत्मबल, भक्ति, अनुशासन और नारी सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों को केवल दर्शक बनाना नहीं है, बल्कि उन्हें सक्रिय सहभागी बनाकर उन्हें संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों से गहराई से जोड़ना है। सेंधव ने यह भी कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और सांस्कृतिक जागरूकता देना विद्यालय की प्राथमिकता है। इस आयोजन के माध्यम से न सिर्फ बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला, बल्कि उनमें सहयोग, नेतृत्व और अनुशासन की भावना का भी विकास हुआ।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कक्षा अनुसार रंग-बिरंगे गरबा नृत्य प्रस्तुत किए। वहीं श्री अंबे रामायण मंडल, चापड़ा द्वारा भक्ति-रस से ओतप्रोत भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। बच्चों ने 'महिषासुर वध' पर आधारित एक प्रभावशाली नाट्य मंचन प्रस्तुत किया जो धर्म और अधर्म के संघर्ष को जीवंत रूप में दर्शाता है। इसके पश्चात राम, लक्ष्मण और हनुमान के रूप में सजे छात्रों द्वारा रावण दहन किया गया जो बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक रहा।

### उप संचालक स्वास्थ्य ने स्वास्थ्य संस्थाओं में सेवा पखवाड़ा अभियान का किया निरीक्षण

# अभियान का उद्देश्य महिलाओं को स्वस्थ बनाए रखना: डॉ. तंवर






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान प्रारम्भ किया गया है। जिले मे कलेक्टर ऋजुराज सिंह के मार्गदर्शन में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार सेवा सप्ताह पखवाड़े का आयोजन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। अभियान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर, मातृ एवं शिशु देखभाल हेतु जन-जागरूकता संबंधित गतिविधियां, जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन पर सत्र का आयोजन, निक्षय मित्र नामांकन आयुष्मान कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र सहित रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सेवा सप्ताह पखवाड़े के अंतर्गत जिले में आयोजित कार्यक्रम ओर प्रदाय सेवाओं के अवलोकन व निरीक्षण के लिए भोपाल से उपसंचालक डॉ. रितेश तंवर ने मंगलवार को जिले की स्वास्थ्य संस्था उपस्वास्थ्य केन्द्र राजोदा, खटाम्बा और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भोंरासा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीपीएम कामाक्षी दुबे, डीसीएम ओमप्रकाश मालवीय सहित संस्था के चिकित्सक, सीएचओ, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डॉ.तंवर ने कार्यक्रम अधिकारियों, चिकित्सकों, स्टॉफ से चर्चा कर ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान और स्वच्छता उत्सव के तहत अनेक गतिविधियों के क्रियान्वयन और उपलब्धि की जानकारी ली रिकार्ड देखा और कहा कि अभियान का उद्देश्य महिलाओं को स्वस्थ बनाए रखना, परिवार में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित मातृत्व और पोषण पर विशेष ध्यान देना है।

स्वास्थ्य शिविरो में निरन्तर स्क्रीनिंग करने और नियमित फॉलोअप लेकर उपचार करने और रिकार्ड निर्धारित पोर्टल पर समय पर उपलोड करने और आगामी निर्धारित कार्यक्रम का क्रियान्वयन उत्साह पूर्वक करने के निर्देश दिए।सीएमएचओ डॉ. बेक अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों में अब तक 01 लाख 29 हजार 502 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण स्क्रीनिंग की गयी। जिसमें 9 हजार 809 महिलाओं के खून की जांच की गई। 1075 हाई रिस्क महिलाओं का चिन्हांकन, एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत स्क्रीनिंग में 59 हजार 263 उच्च रक्तचाप जॉच, 59 हजार 956 शूगर की जॉच, 38 हजार 559 मुख केन्सर, 25 हजार 404 स्तन केन्सर, 02 हजार 318 सर्वाईकल केन्सर टी.बी. मुक्त कार्यक्रम अंतर्गत 23 हजार 480 टी.बी.स्क्रीनिंग, 5 हजार 488 बच्चों का टीकाकरण किया गया, 513 व्यक्तियों की सिकल सेल एनिमिया स्क्रीनिंग, रक्तदान शिविर में 439 व्यक्तियों ने रक्तदान किया, 8395 व्यक्तियों की अन्य बिमारियों की जॉच व उपचार किया गया।

पोषण और देखभाल पर के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में परामर्श सत्र आयोजित किए गए। मासिक धर्म स्वच्छता पर किशोरियों को परामर्श दिया गया, एमसीपी कार्ड का वितरण किया जिसमें प्रसवपूर्व देखभाल, प्रसव, प्रसवोत्तर देखभाल और बाल टीकाकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी रिकॉर्ड की जा रही है।

# पुलिस सहायता केंद्र पर हुआ कन्या भोज




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नवरात्रि पर्व के चलते मंगलवार के दिन पुलिस सहायता केंद्र चापड़ा पर पुलिस थाना कमलापुर प्रभारी उपेंद्र नाहर एवं केंद्र प्रभारी राकेश नरवरिया द्वारा अष्टमी के अवसर पर कन्या भोजन का आयोजन किया गया। इस दौरान मां अंबिका का पूजन अर्चना करने के बाद कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी एवं केंद्र प्रभारी द्वारा कन्याओं को भोजन परोसा गया। साथ ही भोजन के पश्चात तिलक लगाकर कन्या पूजन किया गया।

उपेंद्र नाहर एवं राकेश नरवरिया ने बताया है कि नवरात्रि के दौरान कन्या भोजन का आयोजन करना पुण्य का कार्य है, और इसी के चलते पूरे स्टाफ के सहयोग से यहां पर कन्या भोजन का आयोजन किया गया और कन्याओं का पूजन किया गया। बड़ी संख्या में श्याम नगर,चापडा की कन्याओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की।

## खबर संक्षेप



### कलाकार अरहान पटेल का पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय ने किया स्वागत

**सीहोर।** फिल्म तू मेरी पूरी कहानी के मुख्य कलाकार अरहान पटेल सीहोर पहुंचे। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय सहित उनके समर्थकों और सिनेमा प्रेमियों ने उनका स्वागत किया। इससे पहले फिल्म स्टार हीरो रणविजय से भेंट की थी। श्री राय ने कलाकार पटेल से कहाकि हमारा सीहोर फिल्म के लिए आदर्श स्थल है। जिले में फिल्मों की शूटिंग के लिए एक अनुकूल माहौल है। सीहोर का प्राकृतिक सौंदर्य और आसपास के गांवों का वातावरण फिल्म निर्माताओं की पसंद बन गया है। अब जिले के गांवों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिल रही है। अरहान पटेल अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए सीहोर आए थे। उनकी फिल्म तू मेरी पूरी कहानी इन दिनों सीहोर के लिसा टॉकीज में प्रदर्शित हो रही है। पटेल का सीहोर के मुख्य मार्गों और लिसा टॉकीज में स्वागत किया गया।

### कृषि उपज मंडी में तीन दिन रहेगा अवकाश

**भैरुंदा।** कृषि उपज मंडी में तीन दिवसीय अवकाश की सूचना दी गई है। कृषक 30 सितंबर, 1 व 2 अक्टूबर को अपनी उपज कृषि मंडी में न लेकर आएं। त्योहार होने के कारण इन दिनों में अवकाश रहेगा।

### जिला सीहोर आजाद महिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**सीहोर।** रविवार को आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल, संभागीय अध्यक्ष दर्शन ओढ़ के मार्गदर्शन एवं भोपाल संभागीय प्रवक्ता एवं भोपाल जिला प्रभारी योगिता लोधी के नेतृत्व में आजाद मिहला कार्यकारिणी जिला सीहोर की प्रथम बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी अक्टूबर माह में प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में होने वाले विशाल शिक्षक सम्मेलन में उपस्थित होने हेतु सभी महिला कार्यकारिणी सदस्यों के साथ चर्चा की गई। आजाद महिला कार्यकारिणी जिला सीहोर की बैठक मे उपस्थित सभी मातृशक्तियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

### दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की वारदात हुई कैद

# पुलिस की ड्यूटी सिर्फ कागजों में, चोरों की नाइट शिफ्ट जारी : दुकानदार

चोरों ने एक ही रात में आधा दर्जन दुकानों से नगदी सहित लाखों का सामान ले उड़े पुलिस की टीम चोरों की तलाश में जुटी हुई है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

नगर सहित शहरभर में चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही हैं, जिससे नगरवासियों ,व्यापारियों में आक्रोश है। तो वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली पर लगातार चोर चोरी को अंजाम देकर सवाल खड़े कर रहे हैं। भैरूंदा नगर के नीलकंठ रोड पर रविवार, सोमवार की रात करीब 1.30 से लेकर 3.30 बीच में छः दुकानों के ताले चटकाएं ओर लाखों रुपए नगदी सहित समान चोरी की घटना अंजार दिया। दुकानों में के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की वारदात कैद हो गई है, जिसमें चोरों ने बड़ी सहजता से शटर के ताले तोड़ते और मोबाइल, कपड़े सहित महंगी सामग्री चोरी करते नजर आ रहे हैं।

चोरों ने एक ही रात में आधा दर्जन दुकानों से नगदी सहित लाखों का सामान ले उड़े पुलिस की टीम चोरों की तलाश में जुटी हुई है। रविवार - सोमवार रात दरमियान करीब 1 बजे से 4 बजे के बीच में एक ही रात में नगर के नीलकंठ रोड पर स्थित चोरों ने 6दुकानों ताले चटकाए और नगदी सहित लाखों रुपए के कपड़े,मोबाइल , एससेरीज ले उड़े। तो वहीं हुई चोरी की वारदात से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर गए।

**इन 5 दुकानों के चटकाएं ताले, चोरों ने चोरी की वारदात को दिया अंजार :** नगर के नीलकंठ रोड स्थित मारुति मेंस बेयर, कपड़े की दुकान से लगभग 10हजार के कपड़े, चुराए, तो वहीं ओमकार आनलाइन की दुकान से एक लाख से अधिक नगदी और 10 हजार की सामग्री ले उड़े। वहीं गणेश मोबाइल की दुकान से मोबाइल एससेरीज बा पुराने मोबाइल चोरी किए गए। पुराने मोबाइल की कीमत का अभी आकलन नहीं लगा पा रहे हैं। ऐसे ही एक किराना दुकान ओर जनरल स्टोर दुकानों के नगदी सहित समान की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है अभी दुकानदार भी उना आकलन नहीं लगा पाए। इसमें कुछ दुकानदारों का कहना है , दुकानों में सामग्री बिक्री हुई है। चोरी का आंकलन लगाना भी मुश्किल है। अभी फिलहाल भैरुंदा पुलिस की टीम चोरों की तलाश में जुटी हुई है। सीसीटीवी कैमरे के आधार पर जल्द ही चोरों तक पहुंचेंगी।

### क्षेत्र लगातार बढ़ती चोरी की वारदात से लोगों में दहशत का माहौल



नगर सहित शहरभर में लगातार चोरी की बढ़ती घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है। वहीं लोगों में आक्रोश देखा जा सकता है। लोगों ने आरोप लगाते ने पुलिस की कार्यप्रणाली सवाल खड़े करते हुए बताया पुलिस की गश्त सिर्फ एक दिखावा है। जिससे वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि नगर में लगे सीसीटीवी कैमरे में साफ चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। नगरवासियों का गुस्सा इस बात पर भी है कि पुलिस की ड्यूटी सिर्फ कागजों पर है, चोरों की ड्यूटी नाइट शिफ्ट में है। लगातार नगर में चोरी की घटना को अंजाम देते आ रहे हैं। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने रविवार सोमवार की रात में पांच दुकानों पर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजार दिया गया है। किराना, जनरल, मोबाइल, सहित एक ऑनलाइन की दुकान शामिल है। अज्ञात चोर नगदी सहित समान की चोरी की गई है। पुलिस द्वारा अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी गई है, नगर में लगे सीसीटीवी कैमरे के आधार पर जल्द ही चोरों की पकड़ने की कार्रवाई की जाएगी।


## नगर में विराजित मां जगदंबा




**सीहोर।** सुदामा नगर गंज में सुदामा नवयुवक संगठन 26 वर्षों से मां की प्रतिमा विराजित कर रहा है। समिति अध्यक्ष पुनीत राठौर



**सीहोर।** पुराना बस स्टैंड गंज बजरिया में युवा ज्योति संगठन द्वारा 26 साल मां की प्रतिमा विराजित की जा रही है। अध्यक्ष शशांक चौरसिया



**भैरुंदा।** खजांची लाइन में छावन दुर्गा उत्सव समिति विगत 40 साल से मां की प्रतिमा विराजित कर रहे हैं। अध्यक्ष शिवम राठौर



**सीहोर।** राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर पार्क गंज में मां भवानी दुर्गा उत्सव समिति 26 वर्षो से मां की प्रतिमा विराजित कर रहे है। समिति अध्यक्ष राहुल राठौर, कार्यक्रम अध्यक्ष अर्जुन मेवाड़ा।

# अब केवल दो ही शस्त्र अपने कब्जे में रख सकता है शस्त्र लाइसेंस धारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

भारत सरकार विधि एवं विधायी कार्य विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार मूल अधिनियम (आयुध अधिनियम 1959) की धारा-3 की उपधारा-2 में संशोधन के उपरांत अब शस्त्र लाइसेंस धारकों केवल दो ही शस्त्र अपने कब्जे में रख सकता है। तीसरा शस्त्र निकटतम पुलिस थाने के भारसाधक अधिकारी के पास या धारा 21 की उपधारा के प्रयोजन के लिये विहित शर्तों के अध्यधीन अनुज्ञप्तिधारी व्यौहारी के पास अथवा जहां ऐसा व्यक्ति संघ के सशस्त्र बलों का सदस्य है, वहां उस उपधारा में निर्दिष्ट किसी यूनिट शस्त्रागार में निक्षिप्त कराना होगा।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरू के. द्वारा जारी निर्देशानुसार जिले के ऐसे शस्त्र लाइसेंस धारकों जिनके पास दो से अधिक शस्त्र है वे अपने दो शस्त्रों को छोड़कर शेष शस्त्र संबंधित थाना अथवा वैध अधिकृत शस्त्र डीलर के पास जमा करें और जमा की पावती के साथ लाइसेंस बुक सहित जिला कार्यालय की लायसेंस शाखा में 30 सितंबर तक जमा करें। ताकि लाइसेंस पंजी से शस्त्र विलोपित किया जा सके। इन निर्देश के पालन में दो शस्त्रों के अतिरिक्त शेष शस्त्र जमा नहीं कराये जाने की स्थिति में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# दुर्गा वाहिनी ने शस्त्र पूजन कर करतब दिखाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

नगर में दुर्गा वाहिनी की बहनों के द्वारा शस्त्र पूजन एवं शस्त्र का प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन में नगर की बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति रही मातृ शक्ति जिला संयोजीका बहन ममता सेंगर ने कहा कि आज की बेटियों को शास्त्र पढ़ने के साथ-साथ में शस्त्र की विद्या भी लेना बहुत आवश्यक है। वर्तमान परिस्थितियों के देखते हुए आत्मरक्षा के लिए हमें आवश्यकता पड़ेगी, तो समाज और धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र भी उठाने पड़ेंगे तो हम उठाएंगे।

इसी के साथ दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका आरती यदुवंशी ने भी उपस्थित बहनों को लवजिहाद जैसी घटनाओं से बचने के लिए कहा कि तू काली बन तू दुर्गा बन पर बुर्के वाली मत बन यह संदेश दिया तत्पश्चात बुधनी जिले के जिला मंत्री राजू भाई जाट ने कहा वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए माता बहनों को जागरूक करने की नितांत आवश्यकता है। आज बहनों के खिलाफ कई षड्यंत्रकारी लोग षड्यंत्र रचकर हमारी बहन बेटियों को बेहला फुसलाकर कर कई बेटियों का जीवन खराब कर चुके हैं, इसलिए हमें इससे जागृत रहने की आवश्यकता है। और समाज में ऐसे जागरण करने के कार्यक्रम करते रहना चाहिए। और बेटियों को शस्त्र त्र विद्या में भी परिपूर्ण नीपूर्ण होना चाहिए। इसके लिए वर्ष में दुर्गा वाहिनी के प्रशिक्षण वर्ग जो लगते हैं। उसमें अपनी अपनी बेटियों को भेजना चाहिए कार्यक्रम भारत माता उत्सव समिति के प्रांगण में संपन्न हुआ इस आयोजन में भारत माता उत्सव समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# पंधाना स्वास्थ्य केंद्र में घटिया निर्माण की पोल खुली

### विधायक ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा





पंधाना स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्थाओं का मामला एक बार फिर उजागर हुआ। क्षेत्रीय विधायक छाया मोरे ने मंगलवार को स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया, जहां एक्स-रे रूम की जर्जर हालत देख वे भड़क उठीं।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि एक्स-रे रूम की छत का प्लास्टर बड़े हिस्से में गिर चुका है और बरसात के मौसम में लगातार पानी टपकने से मरीजों और कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात इतने खराब हैं कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। मरीजों ने शिकायत करते हुए कहा कि पानी टपकने की वजह से एक्स-रे करवाने में बाधा आती है और कर्मचारियों को भी असुरक्षित माहौल में काम करना पड़ता है।

विधायक छाया मोरे ने उपस्थित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और नाराज़गी जताते हुए कहा कि स्वास्थ्य केंद्र जैसे संवेदनशील स्थान पर इस तरह की लापरवाही अस्वीकार्य है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही विधायक छाया मोरे ने संबंधित वरिष्ठ अधिकारी को कार्य एजेंसी पर जांच के निर्देश दिए और कहा कि दोषी पाए जाने पर एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए और जिम्मेदारों पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। विधायक ने यह भी कहा कि मरीजों की सुविधा और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# कलेक्टर गुप्ता ने आजीविका मेले का किया निरीक्षण, महिलाओं के उत्पादों की सराहना



**खंडवा।** गौरी कुंज सभागृह परिसर में ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आजीविका उत्पाद मेला का आयोजन 28 से 30 सितंबर तक किया जा रहा है। मंगलवार को कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मेले का निरीक्षण किया और महिला स्व सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का जायजा लिया। उन्होंने यहां उपलब्ध सामग्री देखी और समूह की महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ नागार्जुन गौड़ा भी मौजूद रहे। ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक आनंद शर्मा ने बताया कि मेले में महिला स्व सहायता समूहों द्वारा आटे के दीपक, मिट्टी के डिजाइनर दीपक, मिट्टी, गोबर और प्राकृतिक रंगों से तैयार लक्ष्मी जी की मूर्तियां, रेडीमेड वस्त्र, बकरी के दूध से बने साबुन, बांस के उत्पाद, गिर नस्ल की गाय का घी, मल्टीग्रेन दलिया, मल्टीग्रेन आटा, श्री अन्न से तैयार केक, रागी के बिस्किट, आर्टिफिशियल ज्वेलरी और तरह-तरह के अचार उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं।

### निजी भूमि का नामांतरण न होने की शिकायत दर्ज कराई

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर के. आर. बड़ोले सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जनसुनवाई में आनंद नगर निवासी अरविंद कौर ने कृषि भूमि का सीमांकन जरीब से कराने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने अधीक्षक भू अभिलेख को दल गठित कर सीमांकन कराने के निर्देश दिए। नंदनी राजदेरकर ने शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्ति के बाद भी पेंशन और क्लेम्स का भुगतान न मिलने की समस्या रखी। इस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए। निवासी प्रशांत गोयल ने जल संसाधन विभाग में वाहन किराए पर लगाए जाने पर निर्धारित दर से कम भुगतान किए जाने की शिकायत की। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री जल संसाधन को नियमानुसार भुगतान करने के निर्देश दिए।

मूंदी तहसील के ग्राम भगवानपुरा निवासी भारत पिता रंजीत ने निजी भूमि का नामांतरण न होने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर कलेक्टर ने पुनासा एसडीएम को जांच कर नामांतरण कराने के निर्देश दिए। स्थानीय नागरिकों ने महेश नगर से नगर निगम कॉलोनी तक लगभग 1 किलोमीटर लंबी सड़क की खराब स्थिति की समस्या बताई। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को सड़क मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

# 10 हजार के इनामी पिस्टल निर्माता मुड्डा सिंह गिरफ्तार



**खंडवा।** पदमनगर पुलिस ने 10 हजार रुपए के इनामी फरार पिस्टल निर्माता मुड्डा सिंह सिकलीगर को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी के कब्जे से 9 देशी कट्टे, 1 पिस्टल और पिस्टल बनाने का सामान बरामद किया गया है जिसकी कीमत लगभग 3 लाख रुपये आंकी गई है। 24 सितंबर को वाहन चेकिंग के दौरान बिना नंबर की बोलेरो नियो से तीन आरोपियों को पकड़ा गया था, जिनसे पिस्टल और बड़ी मात्रा में पिस्टल बनाने का सामान मिला था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह सामान मुड्डा सिंह को नई पिस्टलें तैयार करने के लिए दिया जा रहा था। उसी आधार पर पुलिस ने लेथ मशीन आपरेटर नारायण तिवारी को भी गिरफ्तार किया था। इस मामले में अपराध क्रमांक 209/25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। घटना के बाद से फरार चल रहे मुड्डा सिंह पर पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। 28 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर आरोपी को उसके गांव सिग्नूर से पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए हथियार और सामान की निशानदेही की। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट और संगठित अपराध की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रवीण आर्य, हर्ष सोनगरे, केमर सिंह रावत, जितेन्द्र खाण्डेकर, अनंत अवधाने, विकास मंडलोई, जितेंद्र, विक्रम, सुनील गाड़गे, नितिन, आनंद, अजय, अनिल वछाने, जावेद खान और ललिता की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम को 10 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।